अनुक्रमांक ..........

नाम ..........

140 334

# 2024

# चित्रकला आलेखन

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 100

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*Note* : First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

सूचनाएँ :

i) तीनों खण्डों के प्रश्न अनिवार्य हैं । **खण्ड - (क)** में वस्तुनिष्ठ प्रश्न, **खण्ड - (ख)** में आलेखन और **खण्ड - (ग)** में से किसी एक का चित्र बनाना है ।

ii) आलेखन में इकाइयों को कम-से-कम दो **अथवा** तीन आवृत्तियों में बनाइए । **स्केच पेन का प्रयोग वर्जित है ।**

iii) **खण्ड - (ग) में से किसी एक का ही चित्र बनाना है** । सभी के अंक समान हैं – वस्तु चित्रण **अथवा** प्रकृति-चित्रण **अथवा** स्मृति-चित्रण **अथवा** प्राकृतिक दृश्य-चित्रण ।

iv) ड्राइंग शीट के ऊपरी दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में स्पष्ट लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से उस पर हस्ताक्षर भी कराइए ।

v) दिये गये पारदर्शी कागज (tracing paper) पर भी अपना अनुक्रमांक लिखिए और उसे उत्तर पत्र के साथ संलग्न कीजिए ।

*Instructions* :

i) Questions from all three sections are compulsory. *Objective questions* from *Section - (A)*, from *Section - (B)* Design and from *Section - (C)* only one question are to be attempted.

ii) Make at least two or three repeats of the units in the design. Use of sketch pen is not allowed.

iii) From *Section - (C)* attempt one question only and prepare drawing accordingly. All questions carry equal marks – Object drawing *or* Nature Study *or* Memory drawing *or* Natural Landscape painting.

iv) Write your Roll No. in figures and words legibly on the top right hand corner of the drawing sheet and get it signed by the Room Invigilator.

v) Write your Roll No. also on the tracing paper supplied to you and attach the same with the answer sheet.



https://www.upboardonline.com

## खण्ड – (क)
## ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )
## Section - (A)
## ( Objective Type Questions )

निम्नलिखित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में क्रमानुसार स्पष्ट लिखिए

i) निम्न में से तटस्थ रंग कौन से हैं ?

अ) सफेद एवं काला  ब) लाल एवं काला

स) सफेद एवं नीला  द) नीला एवं पीला ।

ii) इन्द्रधनुष का पाँचवाँ रंग कौन-सा है ?

अ) हरा  ब) बैंगनी

स) पीला  द) नारंगी ।

iii) कांगड़ा शैली का संरक्षक कौन था ?

अ) महाराजा संसारचन्द  ब) पृथ्वीचन्द

स) रंजीत सिंह  द) इनमें से कोई नहीं । 1

iv) पेस्टल रंगों की विशेषता क्या है ?

अ) चमकीले  ब) धुंधले

स) अस्थाई  द) स्थाई 1

v) मधुबनी चित्रकला भारत के किस राज्य से सम्बन्धित है ?

अ) पश्चिम बंगाल  ब) राजस्थान

स) बिहार  द) उत्तर प्रदेश

vi) जलरंग का चित्र बनाते समय फिनिशिंग में आप किस ब्रश का प्रयोग करेंगे ?

अ) हॉग हेयर गोल ब्रश  ब) सेबल हेयर फ्लैट ब्रश

स) हॉग हेयर फ्लैट ब्रश  द) सेबल हेयर गोल ब्रश ।

vii) अजन्ता गुफाओं के चित्र किस धर्म से प्रभावित हैं ?

अ) जैन धर्म  ब) वैष्णव धर्म

स) बौद्ध धर्म  द) मुगल ( मुस्लिम ) ।

viii) कौन सी पेन्सिल से बनाई गई रेखा सबसे अधिक काली होगी ?

अ) एचबी (HB)  ब) 2 बी (2B)

स) 2 एच (2H)  द) 6 बी (6B)



https://www.upboardonline.com

ix) वस्त्र पर डिज़ाइन किस रंग माध्यम से बनाना उचित होगा ?

अ) तैल रंग ब) पोस्टर रंग

स) एक्रेलिक रंग द) इनमें से कोई नहीं । 1

x) भारतीय चित्रकला के षडांग के 'वर्णिका भंग' का सम्बन्ध निम्न में से किससे है ?

अ) रेखा ब) वृत्त

स) रंग द) अनुपात । 1

1. Every objective type question has *four* options. You have to select one correct answer and write it clearly in order in the answer book.

i) Which of the following are neutral colours?

a) White and Black b) Red and Black

c) White and Blue d) Blue and Yellow 1

ii) Which is the fifth colour of the rainbow ?

a) Green b) Violet

c) Yellow d) Orange 1

iii) Who was the patron of Kangra style ?

a) Maharaja Sansarchand b) Prithvichand

c) Ranjeet Singh d) None of them 1

iv) What is the speciality of Pastel colours ?

a) Bright b) Diffused

c) Temporary d) Permanent 1

v) Madhubani painting is related to which state of India ?

a) West Bengal b) Rajasthan

c) Bihar d) Uttar Pradesh. 1

vi) Which brush is used while painting watercolour medium for finishing ?

a) Hog hair round brush b) Sable hair flat brush

c) Hog hair flat brush d) Sable hair round brush 1

vii) Ajanta Cave paintings are influenced by which religion ?

a) Jainism b) Vaishanavism

c) Buddhism d) Mughal ( Islam ) 1

viii) Which pencil will draw the darkest line ?

a) HB b) 2B

c) 2H d) 6B 1



https://www.upboardonline.com

ix) Which colour medium is suitable for designing on fabric ?

a) Oil colour b) Poster colour

c) Acrylic colour d) None of these 1

x) 'Varnika Bhang' one of the six limbs of Indian painting is related to which of the following ?

a) Line b) Circle

c) Colour d) Proportion 1

**खण्ड – (ख)**

**आलेखन ( अनिवार्य )**

**Section - (B)**

**DESIGN ( Compulsory )** 60

2. बिस्तर की चादर के उपयुक्त एक मौलिक आलेखन की रचना कीजिए । इसकी माप 24 सेमी × 14 सेमी हो । आलेखन के आंतरिक अंतराल को आकर्षक भागों में विभाजित करते हुए यथास्थान किसी पशु अथवा पक्षी का समावेश करें । आलेखन में कमल पुष्प, पत्तियों तथा कलियों का प्रयोग करें । आलेखन प्राकृतिक अथवा आलंकारिक हो सकता है । रंगों में उत्तम संगति दर्शाते हुए आलेखन को केवल तीन रंगों में पूर्ण कीजिये । रंग व्यवस्था आकर्षक एवं नेत्र रंजक हो ।

**अथवा**

20 सेमी व्यास वाले एक वृत्त में मेजपोश के मध्य के लिये एक सुन्दर आलेखन की रचना कीजिए जो सूरजमुखी के फूल-पत्तियों तथा कलियों पर आधारित हो । आलेखन के आंतरिक अंतराल को आकर्षक भागों में विभाजित करें एवं यथास्थान किसी मनमोहक तितली अथवा हिरन का समावेश करें । रंगों की उत्तम संगति दर्शाते हुए आलेखन को केवल तीन रंगों से पूर्ण कीजिए । रंग व्यवस्था आकर्षक एवं चमकदार होनी चाहिये ।

निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

क) इकाइयों की मौलिकता एवं पुनरावृत्ति । 12

ख) लयात्मक रेखांकन । 12

ग) उत्तम संगति एवं रंग योजना । 24

घ) सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण । 12



https://www.upboardonline.com

2. Prepare a original design for a bed sheet. Its measurement should be 24 cm × 14 cm. Divide the inner space of the design into attractive parts, containing any bird or animal in its proper place. Include Lotus flower, its leaves and buds into the design. The design may be natural or ornamental. Use colours with good harmony and finish the design with three colours only. Colour scheme should be attractive and pleasing to the eyes.

*OR*

Prepare a beautiful design for the centre of a table cloth in a circle of 20 cm diameter based on sunflower its leaves and buds. Divide the inner space of the design. Include into the design beautiful butterfly or deer at its proper place. Finish the design only by using three colours showing good harmony. The colour scheme should be attractive and bright.

Pay special attention to the following points :

a) Originality and repeats of the units. 12

b) Rhythmic lining. 12

c) Good harmony and colour scheme. 24

d) General effect and attraction. 12

**खण्ड – (ग)**

किसी एक का चित्र बनाना है ।

**Section - (C)**

Attempt any *one*. 30

**( वस्तु–चित्रण )**

**( Object Drawing )**

3. **ह्वाटमैन ( हैण्डमेड ) पेपर, कार्ट्रिज पेपर, पेस्टल कागज अथवा आयल स्केचिंग पेपर पर अपने सामने रखी हुई वस्तुओं के समूह का चित्रण कीजिए तथा इसे तैल रंग, जलरंग, पोस्टर रंग, पेस्टल रंग तथा आयल–पेस्टल द्वारा चित्रित कीजिए । चित्र 20 सेमी से छोटा न हो । वस्तु–समूह के साथ पृष्ठभूमि के अन्तर्गत वस्त्रविन्यास ( Drapery ) तथा अग्र–भूमि का उचित चित्रण कीजिए ।**

**वस्तुओं के समूह का चित्रण करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए :**

**क) वस्तुओं का उचित आकार तथा उनका उचित अनुपात में सही चित्रण ।** 10

**ख) रंग योजना में वस्तुओं के वास्तविक रंग की समीपता को ध्यान में रखते हुए सही छाया, प्रकाश एवं प्रतिच्छाया का अंकन ।** 15

**ग) वस्तु संयोजन ।** 5

**अथवा**



https://www.upboardonline.com

## प्रकृति-चित्रण
## ( Nature Study )

केन्द्र द्वारा दिये गये ड्राइंग कागज पर अपने सामने रखे हुए पुष्प पौधे में से कम से कम एक पुष्प, एक कली, तीन-चार पत्तियों एवं पौधे की टहनी का प्राकृतिक चित्रण इस प्रकार करें कि उसमें टहनियों के निकास कोण, रंग एवं रेशे उचित ढंग से चित्रित हुए दिखाई दें । चित्र को जल-रंगों द्वारा पूर्ण कीजिए । प्रकृति चित्रण स्मृति से न बनाएँ । चित्र का आकार 20 सेमी से कम न हो । पुष्प की ताज़गी एवं रंग और पत्तियों के एवं कलियों के रंग प्राकृतिक रूप से हूबहू दिखाने का प्रयास कीजिए ।

निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखिये :

क) पौधे का उचित आकार एवं प्राकृतिक रूप विन्यास । 10

ख) पारदर्शी एवं आकर्षक रंग-योजना । 15

ग) प्राकृतिक सौष्ठव एवं निकास कोण । 5

**अथवा**

**स्मृति-चित्रण** 30

दिये गये ड्राइंग शीट पर अपनी स्मृति से निम्नलिखित में से किसी एक का छाया, **प्रकाश तथा प्रतिच्छाया युक्त चित्र पेन्सिल ( एच बी, 1बी, 2बी , 3बी ) अथवा चारकोल से बनाइये** । चित्र की माप लगभग 15 सेमी हो ।

क) बत्तख

ख) पपीता प्लेट में

ग) कुल्हाड़ी

घ) लालटेन ।

**अथवा**

**प्राकृतिक दृश्य-चित्रण**

दिये गये ड्राइंग शीट पर 20 सेमी × 15 सेमी के आयत में निम्नलिखित में से किसी एक का दृश्य-चित्रण तैयार कीजिए । चित्रांकन का माध्यम जलरंग, पोस्टर रंग अथवा अन्य कोई माध्यम हो सकता है । दृश्य-चित्रण के माध्यम का चुनाव एवं संयोजन सुन्दर एवं आकर्षक होना चाहिये ।

i) मन्दिर की ओर जाती एक स्त्री ।

ii) नदी किनारे कपड़े धोती स्त्री ।

iii) पहाड़ों के पीछे सूर्योदय का दृश्य ।



https://www.upboardonline.com

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान दीजिए .

क) सही दृश्यांकन एवं परिप्रेक्ष्य । 10

ख) उपयुक्त संयोजन । 5

ग) सुसंगत रंगों का उपयुक्त चयन एवं प्रयोग । 10

घ) वातावरण का सही दृश्यांकन । 5

3. Draw and paint the group of objects placed before you on Whatman ( Handmade ) paper, Cartridge or Pastel paper. The drawing may be painted either in pastel colours, oil colours ( on oil sketching paper ), oil pastels, poster colours or watercolours. Your drawing should not be less than 20 cm. Paint the drapery of the background and proper foreground along with the group of objects.

Keep in view the following points while painting the group of objects :

a) Correct drawing of the objects as well as correct form and proportions. 10

b) Colour scheme that is keeping in view the nearness of the true colours of the objects showing proper light, shade and shadow. 15

c) Composition of objects. https://www.upboardonline.com 5

*OR*

**( Nature Study )**

Draw and paint at least one flower, one bud, three-four leaves and the stem of the flower plant placed before you in such a natural way that the joint angles of the stem, colour, limbs and views of the plant are properly shown on drawing paper obtained from the centre. Prepare your painting with watercolours. Do not draw the Nature study from your memory. The drawing should not be less than 20 cm in size. Try to show the freshness of the flowers and buds in its natural form.

Keep in view the following points :

a) Correct size & the drawing as well as natural form of the plant. 10

b) Transparent and attractive colour scheme. 15

c) Natural beauty and joint angles. 5

*OR*



https://www.upboardonline.com

**( Memory Drawing )** 30

Make a drawing from your memory on any one of the following with either pencil ( HB, 1B, 2B, 3B ) or charcoal, showing light, shade and shadow on the drawing sheet given to you. The measurement of the drawing should be about 15 cm.

a) Duck

b) Papaya on a plate

c) Axe

d) Lantern.

*OR*

**( Landscape Painting )**

Prepare a landscape painting of any one of the following subjects on the given drawing sheet in a rectangle of 20 cm × 15 cm. The medium of the painting should be watercolour, poster colour or any other medium.

**Selection of the medium and the composition of the** landscape **should be beautiful and attractive :**

i) **A woman going towards temple**

ii) **Scene of a woman washing clothes on the bank of the river**

iii) **Scene of sunrise behind the mountains.**

**Keep in view the following points in the painting :**

a) Correct drawing and perspective. 10

b) Suitable composition. 5

c) Selection and use of appropriate and amiable colours. 10

d) Suitable drawing & depiction of atmosphere. 5

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.upboardonline.com